**NEWS CLIPPING:06.08.2022**

# THE TRIBUNE

## CAMPAIGN FOR ANAEMIA-FREE CAMPUS

**Faridabad:** To counter the menace of anaemia, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, in collaboration with Bharat Vikas Parishad Faridabad, has launched a campaign. Raj Kumar Aggarwal from Bharat Vikas Parishad said the objective of the campaign was to reduce the risk the anaemia among children, especially adolescent girls.

**NEWS CLIPPING:06.08.2022**

# AAJ SAMAJ

**अभियान** जेसी बोस विश्वविद्यालय को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए अभियान शुरू

## स्वास्थ्य जांच व परामर्श सुविधा प्रदान करेगा विश्वविद्यालय

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** विश्वविद्यालय को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने भारत विकास परिषद फरीदाबाद के सहयोग से आज एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के विशेषज्ञ डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ने विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की मदद से आज विश्वविद्यालय का दौरा किया और विश्वविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन डीन छात्र कल्याण कार्यालय की देखरेख में किया गया। कुलसचिव डॉ. एसके. गर्ग ने शिविर का जायजा लिया और छात्राओं को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एनीमिया के प्रति जन जागरूकता पैदा करने और अभियान के सार्थक परिणाम के लिए समर्पित भाव से प्रयास करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लई तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा भी उपस्थित थीं। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने छात्राओं की स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। भारत विकास परिषद फरीदाबाद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत एक ऐसा पोषण जागरूकता कार्यक्रम है जो स्वस्थ जीवन के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य टेस्ट, ट्रीट और टॉक मैकेनिज्म द्वारा बच्चों, विशेष रूप से किशोरी लड़कियों में एनीमिया की व्यापकता को कम करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर की मदद से छात्राओं की जांच की जाएगी। आयरन की कमी पाये जाने पर छात्राओं को शरीर में आयरन के स्तर को बढ़ाने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और आयरन, प्रोटीन और विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थों पर परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर भारत विकास परिषद फरीदाबाद के पदाधिकारी राकेश गुप्ता, दिनेश गर्ग, दिनेश अग्रवाल, बीएम अग्रवाल, तमन्ना अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल और पूनम गर्ग भी उपस्थित थीं।



एनीमिया जांच शिविर का जायजा लेते हुए कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग।

**NEWS CLIPPING:06.08.2022**

# PIONEER

# छात्राओं को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए अभियान

## भारत विकास परिषद फरीदाबाद के सहयोग छात्राओं को स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सुविधा देगा विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित शिविर में जांच करते डाक्टर।

**विश्वविद्यालय** को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारत विकास परिषद फरीदाबाद के सहयोग से एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के विशेषज्ञ डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ने विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की मदद से आज विश्वविद्यालय का दौरा किया और विश्वविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन डीन छात्र कल्याण कार्यालय की देखरेख में किया गया। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने शिविर का जायजा लिया और छात्राओं को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एनीमिया के प्रति जन जागरुकता पैदा करने और अभियान के सार्थक परिणाम के लिए समर्पित भाव से प्रयास करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लई तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा भी उपस्थित थीं। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने छात्राओं की स्वास्थ्य जागरुकता के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। भारत विकास परिषद फरीदाबाद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत एक ऐसा पोषण जागरूकता कार्यक्रम है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:06.08.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**वस, फरीदाबाद** : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में विज्ञान मंथन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छठी से 11वीं के छात्रों ने हिस्सा लिया। अभियान विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए विज्ञान भारती की ओर से चलाए जा रहे विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2022-23 कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम की राष्ट्रीय समन्वयक डॉ.मयूरी दत्त, डॉ.अरविंद गर्ग व राज्य समन्वयक डॉ.रश्मि पुंडीर भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संयोजन डॉ.सोनिया बंसल ने किया।



**NEWS CLIPPING:06.08.2022**

# HINDUSTAN

## छात्राओं को एनीमिया की जानकारी दी

**फरीदाबाद।** विश्वविद्यालय को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से शुक्रवार को भारत विकास परिषद फरीदाबाद के साथ मिलकर जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डॉ. सूरज ने विश्वविद्यालय का दौरा किया और छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:06.08.2022**

# PIONEER

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए अभियान का शुभारंभ

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 5 अगस्त। विश्वविद्यालय को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने भारत विकास परिषद के सहयोग से आज एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के विशेषज्ञ डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ने विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की मदद से आज विश्वविद्यालय का दौरा किया और विश्वविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन डीन छात्र कल्याण कार्यालय की देखरेख में किया गया।

कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने शिविर का जायजा लिया और छात्राओं को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एनीमिया के प्रति जन जागरूकता पैदा करने और अभियान के सार्थक परिणाम के लिए समर्पित भाव से प्रयास करने के लिए भी कहा।